# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

पुराना कलेक्टोरेट, जांजगीर, जिला जांजगीर–चांपा (छ0ग0)
Phone-07817-222018, Fax- 07817-222018 , Email Id- actd.janjgir@gov.in

क्रमांक / एकलव्य / आ0वि0 / 2018–19 / 1787 जाँजगीर, दिनांक 16 / 10 / 2019

प्रति,

महाप्रबंधक
छत्तीसगढ़ संवाद
नार्थ ब्लाक, पर्यावरण भवन के पीछे,
सेक्टर–19, अटल नगर नवा रायपुर (छ0ग0)
पिन– 492002

**विषय :** **संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय पलाड़ीखूर्द, विकासखंड–सक्ती में अतिथि शिक्षक एवं गैर शिक्षकीय पदों पर आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु संशोधित प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन।**

0000000

उपरोक्त विषयांतर्गत संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय पलाड़ीखूर्द, विकासखंड–सक्ती में अतिथि शिक्षक एवं गैर शिक्षकीय पदों पर आवेदन आमंत्रित करने हेतु संलग्न संशोधित प्रेस विज्ञप्ति जिला स्तर के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**संलग्न :** **उपरोक्तानुसार रिक्तियां एवं शर्ते।**

(पी0सी0 लहरे)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, जांजगीर–चॉपा

पृ0क्रमांक / एकलव्य / आ0वि0 / 2018–19 / 1787A जाँजगीर, दिनांक 16 / 10 / 2019

प्रतिलिपि :

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, छ0ग0 रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. कलेक्टर, जांजगीर–चांपा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. जिला जांजगीर–चांपा की ओर एक प्रति के साथ सूचनार्थ।
   कृपया जिले के वेबसाईट ***https://janjgir-champa.gov.in*** पर विज्ञापन अपलोड करने का कष्ट करें।
4. सहायक संचालक, जिला जनसंपर्क, जांजगीर–चांपा की ओर सूचनार्थ। कृपया संशोधित प्रेस विज्ञप्ति को जिला स्तरीय प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

16.10.19
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, जांजगीर–चॉपा



Scanned by CamScanner

# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

पुराना कलेक्टोरेट, जांजगीर, जिला जांजगीर–चांपा (छ०ग०)
Phone-07817-222018, Fax- 07817-222018 , Email Id- actd.janjgir@gov.in

## :: संशोधित विज्ञापन ::

क्रमांक / एकलव्य / आ०वि० / 2019–20 / 1787 जाँजगीर, दिनांक 16/ 10 / 2019

छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक / एफ–17–38 / 2016 / 25–2 दिनांक 19.04.2017 में दिये गये पद स्वीकृति अनुसार संयुक्त आदर्श एकलव्य विद्यालय पलाड़ीखुर्द वि.खं. सक्ती जिला जांजगीर–चॉपा हेतु निम्नलिखित रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षक एवं कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर जिले के मूल निवासी से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | पदनाम | पदों की कुल संख्या | आयु | शैक्षणिक अर्हता शर्त | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | **शिक्षक टी.जी.टी.**<br>1. हिन्दी | 01 | 23 से 35 वर्ष | **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–** मान्यता प्राप्त वि.वि. से न्यूनतम 50 प्रतिशत् अंक के साथ स्नातक उपाधि संबंधित विषय में 03 वर्ष का कार्य।<br>**अनुभव अन्य वांछित योग्यता** मान्यता प्राप्त वि.वि. से बी.एड. उपाधि। | मानदेय 150 /– रूपये प्रति कालखंड |
| | 2. अंग्रेजी | 01 | | | मानदेय 150 /– रूपये प्रति कालखंड |
| | 3. गणित | 02 | | | मानदेय 150 /– रूपये प्रति कालखंड |
| | 4. सामाजिक विज्ञान | 01 | | | मानदेय 150 /– रूपये प्रति कालखंड |
| | 5. विज्ञान | 01 | | | मानदेय 150 /– रूपये प्रति कालखंड |
| | 6. संस्कृत | 02 | | | मानदेय 150 /– रूपये प्रति कालखंड |
| 2 | संगीत | 01 | | **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–** मान्यता प्राप्त वि.वि. / संस्थान से संगीत में स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि **अनुभव अन्य वांछित योग्यता** संगीत में 03 वर्ष का कार्य अनुभव। | मानदेय 150 /– रूपये प्रति कालखंड |
| 3 | पी.टी.आई. | 02 | 23 से 35 वर्ष | **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–** मान्यता प्राप्त वि.वि. से न्यूनतम 50 प्रतिशत् अंक के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक उपाधि | मानदेय 150 /– रूपये प्रति कालखंड |
| 4 | स्टॉफ नर्स | 01 | 23 से 35 वर्ष | **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–** मान्यता प्राप्त संस्थान से नर्सिंग डिप्लोमा अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। **अन्य वांछित योग्यता** (1) मान्यता प्राप्त नर्सिंग कौंसिल में जीवित पंजीयन।<br>(2) नर्स के पद पर न्यूनतम 03 वर्ष का कार्य अनुभव। | कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर। |



Scanned by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | प्रयोगशाला परिचायक | 01 | 21 से 35 वर्ष | **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–** उच्चतर माध्यमिक परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत् अंकों के साथ विज्ञान विषय में उत्तीर्ण। **अन्य वांछित योग्यता** (1) 03 वर्ष का कार्य अनुभव। | कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर। |
| 6 | विद्युत सहायक (इलेक्ट्रिशियन) | 01 | 21 से 35 वर्ष | **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–** मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से इलेक्ट्रिशियन पत्रोपाधि। **अन्य वांछित योग्यता** (1) 03 वर्ष का कार्य अनुभव। | कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर। |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. अतिथि शिक्षक एवं अन्य गैर शिक्षकीय पदों की व्यवस्था एक अस्थायी अंतरिम व्यवस्था है।
2. अतिथि शिक्षक एवं अन्य गैर शिक्षकीय पदों की व्यवस्था नियमित शिक्षक/नियमित गैर शिक्षकीय पद पर पदभार ग्रहण करने तक प्रभावी होगी। तत्पश्चात अतिथि शिक्षक एवं अन्य गैर शिक्षकीय पदों पर नियुक्ति स्वमेव समाप्त हो जावेगी।
3. कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा कभी भी समाप्त की जा सकेगी।
4. उम्मीदवारों को आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा लिफाफा संलग्न किया जाना है।
5. अंक सूची एवं अन्य प्रमाण पत्रों को स्वयं द्वारा सत्यापित कर संलग्न करें।
6. आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से पृथक–पृथक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जांजगीर–चॉपा में जमा किया जावेगा। सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
7. आवेदन के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासी ही पात्र होंगे। इस संबंध में मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर निवासी संबंधी निर्देश लागू होंगे।
8. **चयन हेतु प्राथमिकता** सर्व प्रथम जिला के आवेदकों को दी जाएगी। दूसरी प्राथमिकता संभाग स्तर और अंत में राज्य स्तर से उम्मीदवारों से चयन की जावेगी।
9. आवेदक का रोजगार संबंधी जीवित पंजीयन छ.ग. के किसी भी जिले के रोजगार कार्यालय में होना आवश्यक है।
10. शासन द्वारा समय–समय पर आयु सीमा में छूट संबंधी आदेश जारी किये गये हैं तद्नुसार छूट की पात्रता होगी। छ.ग. शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को एक बार के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष से 5 वर्ष की छूट होगी। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 01.07.2019 के आधार पर होगी।
11. पदों के चयन का आधार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों की वरीयता होगी बशर्ते की आवेदक अन्य वांछित योग्यता को अनिवार्य रूप से धारित करता हो।
12. चयन के संबंध में किसी भी उम्मीदवार को पात्रता एवं अपात्रता के संबंध में समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
13. शिक्षक पद हेतु स्नातक उपाधि में 50 प्रतिशत् से कम प्राप्तांक के अभ्यर्थी आवेदन न करें।



Scanned by CamScanner

14. आवेदन पत्र की अंतिम तिथि **31.10.2019** के कार्यालयीन अवधि समाप्ति पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इस संबंध में अन्य नियम शर्तो की जानकारी कार्यालयीन सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

15. आवेदन पत्र का प्रारूप एन.आई.सी. की वेबसाईट **www.janjgir-champa.gov.in** में देखा जा सकता है।

कलेक्टर / अध्यक्ष
संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय
पलाड़ीखुर्द वि0खं0 सक्ती
जिला जांजगीर–चॉपा (छ0ग0)

पृ0क्रमांक / एकलव्य / आ0वि0 / 2019–20 / 1787
जाँजगीर, दिनांक 16 / 10 / 2019

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. जिला जांजगीर–चॉपा की ओर एक प्रति के साथ प्रेषित् है। आप जिले के वेबसाईट **www.janjgir-champa.gov.in** में अपलोड करने का कष्ट करें।

16/10/2019

कलेक्टर / अध्यक्ष
संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय
पलाड़ीखुर्द वि0खं0 सक्ती
जिला जांजगीर–चॉपा (छ0ग0)



Scanned by CamScanner